ENERGY FOR EVER

इरेडा IREDA

ONCE IREDA ALWAYS IREDA

(A Navratna CPSE)

प्रेस विज्ञप्ति

इरेडा द्वारा प्रति शेयर ₹0.60 का अंतरिम लाभांश घोषित किया गया

नई दिल्ली, 25 मार्च, 2026

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) के निदेशक मंडल ने दिनांक- 25.03.2026 को आयोजित अपनी बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए ₹0.60 प्रति इक्विटी शेयर के अंतरिम लाभांश की घोषणा को स्वीकृति दी है।

यह घोषणा इरेडा के सुदृढ़ वित्तीय प्रदर्शन, स्वस्थ परिसंपत्ति आधार एवं निरंतर विकास की गति को रेखांकित करती है। जबकि व्यवसाय विस्तार और शेयरधारकों के रिटर्न के बीच संतुलित दृष्टिकोण बनाए रखती है।

घोषणा पर अपने विचार सांझा करते हुए, इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री प्रदीप कुमार दास ने कहा की: "अंतरिम लाभांश की घोषणा इरेडा की निरंतर वित्तीय ताकत और शेयरधारकों को दीर्घकालिक मूल्य प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। जैसा कि हम भारत की नवीकरणीय ऊर्जा महत्वाकांक्षाओं का समर्थन करने के लिए अपने वित्तपोषण को बढ़ाना जारी रखते हैं। हम विकास और रिटर्न के लिए एक विवेकपूर्ण और टिकाऊ दृष्टिकोण बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

अंतरिम लाभांश की रिकॉर्ड तिथि 2 अप्रैल, 2026 निर्धारित की गई है।